# आचार संहिता

2024 संस्करण

ROLEX

# विषय-सूची


04 **प्रस्तावना**

विषय-क्षेत्र

सिद्धांत और मूल्य

05 **एक ज़िम्मेदार नियोक्ता**

स्वास्थ्य और सुरक्षा

उत्पीड़न

एक समावेशी और निष्पक्ष कार्य परिवेश

व्यक्तिगत डेटा

07 **व्यावसायिक नैतिकता**

व्यावसायिक गोपनीयता

भ्रष्टाचार

हितों में टकराव

निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

हवाला और आतंकवाद का वित्तपोषण

मानव अधिकार

10 **पर्यावरण**

11 **आचार संहिता का कार्यान्वयन**

कर्मचारियों की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी

आचार संहिता का अनुपालन न करना

**प्रिय सहकर्मियों,**



रोलेक्स अपने मूलभूत मूल्यों, गुणवत्ता की अनंत खोज, नवोन्मेष की भावना और उत्कृष्टता के अनुगमन के इर्द-गिर्द बनाया गया है जो हमारे प्रत्येक प्रयास को प्रेरित करता है और हमारी पहचान को परिभाषित करता है। ये सिद्धांत, जो पहले हमारे पूरे इतिहास में अनौपचारिक रूप से आगे सौंपे गए थे, अब इस आचार संहिता में प्रस्तुत किए गए हैं।

स्थायित्व के प्रमुख मुद्दे का सामना करते हुए, हमने इस दस्तावेज़ में उन मूल्यों, नैतिकता और आंतरिक मानकों का वर्णन करके अपनी प्रतिबद्धताओं को औपचारिक रूप देना महत्वपूर्ण समझा, जिन्होंने शुरुआत से ही हमारी कंपनी को आकार दिया है।

यह आचार संहिता हमारी वैश्विक स्थायित्व रणनीति का हिस्सा है। यह उस रूपरेखा को परिभाषित करती है जिसके अंतर्गत रोलेक्स, उसके कर्मचारी और बाहरी सहयोगी नैतिक और ज़िम्मेदार व्यावसायिक आचरण के लिए संयुक्त प्रतिबद्धता निर्मित करते हैं। हमारे बुनियादी मूल्यों के आधार पर, यह अन्य बातों के अलावा, स्वस्थ कार्य परिवेश, हमारी व्यावसायिक गतिविधियों में सत्यनिष्ठा और हमारे काम करने की विधि के संरक्षण का पक्ष-समर्थन करती है।

स्विट्जरलैंड और विदेशों में हमारे सभी सहयोगियों में वितरित और लागू, यह हमारे समूह के प्रत्येक कर्मचारी को इन नियमों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध करती है।

मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि इससे परिचित हों और इसे दूसरों के साथ साझा करें और मैं हम में से प्रत्येक की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी के लिए इसके सिद्धांतों का पालन करने और उन्हें बनाए रखने की अपील करता हूँ।

हमारे साझा दृष्टिकोण के प्रति आपकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।

जीन-फ्रेडरिक डुफ़ोर
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Rolex SA

# प्रस्तावना

**बनी है हमेशा के लिए। रोलेक्स दर्शन उत्कृष्टता और नवोन्मेष के मूल्यों और स्थायित्वकी अवधारणा पर आधारित है। यह दर्शन कठोर नैतिक ढाँचे का भी हिस्सा है, जिसके मुख्य सिद्धांत इस आचार संहिता में निर्धारित हैं। यह रोलेक्स और उसके शासी निकायों द्वारा स्थायित्वके लिए अपनाए गए दृष्टिकोण का अभिन्न अंग है। यह ज़िम्मेदार व्यावसायिक आचरण के लिए ब्रांड के दृष्टिकोण का पूरक है। यह विशेष रूप से मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा, ज़िम्मेदार व्यावसायिक आचरण के लिए बहुराष्ट्रीय उद्यमों के OECD दिशानिर्देश और संयुक्त राष्ट्र के स्थायीविकास लक्ष्यों पर आधारित है। आंतरिक रूप से, यह प्रासंगिक नियमों और स्थायीविकास चार्टर द्वारा संपूरित है, जो इस क्षेत्र में हमारे भागीदारों की प्रतिबद्धता को नियमानुरूप बनाता है।**

## आचार संहिता का दायरा

यह आचार संहिता कंपनी के व्यवसाय को ज़िम्मेदारी से संचालित करने के लिए रोलेक्स और उसके आंतरिक और बाहरी दोनों कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को औपचारिक बनाती है। यह संहिता स्विट्जरलैंड और विदेशों में लागू कानून के अनुपालन में समूह की सभी कंपनियों में वितरित और लागू की जाती है।
प्रत्येक कर्मचारी इसका सम्मान करने का वचन देता है।

## मौलिक सिद्धांत और मूल्य

आचार संहिता के सिद्धांत उस नैतिक ढाँचे का निर्माण करते हैं जिसके अंतर्गत रोलेक्स संचालित होता है। वे स्वस्थ और प्रेरक कार्य परिवेश, व्यवसाय प्रबंधन में सत्यनिष्ठा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने से संबंधित हैं।

रोलेक्स के कर्मचारी ब्रांड एम्बैसडर हैं। उनके व्यवहार आचार संहिता का अनुपालन में और कंपनी के मौलिक मूल्यों के अनुरूप होने चाहिए:

- **उत्कृष्टता:** अत्यंत दृढ़ता और परिपूर्णता के आदर्श के साथ काम कर के।
- **गुणवत्ता:** इस आवश्यकता को उत्पाद पर और दैनिक आधार पर सभी गतिविधियों में लागू कर के।
- **नवोन्मेष:** नई तकनीकें और नवीन समाधान विकसित कर के।
- **स्थायित्व:** कंपनी की मूल्य शृंखला को बदलकर इसे और अधिक स्थायी और ज़िम्मेदार बनाकर।
- **सॉफ़्ट स्किल्स:** सम्मान और सद्भावना के साथ मिलकर काम कर के।

# एक ज़िम्मेदार नियोक्ता

स्वस्थ, सम्मानजनक और लाभप्रद कार्य परिवेश तैयार करना

## कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और खुशहाली को बढ़ावा देना

कर्मचारी कल्याण में शामिल हैं:

- प्रत्येक कर्मचारी के व्यक्तिगत विकास के लिए अनुकूल परिवेश और कामकाजी परिस्थितियाँ तैयार करना।
- सुविधाजनक काम के घंटे।
- जोखिमों की पहचान करना।
- व्यावसायिक दुर्घटनाओं और बीमारियों को रोकना।
- व्यक्तिगत सदाचरण के उल्लंघन (उदाहरण के लिए मनोवैज्ञानिक या यौन उत्पीड़न) जैसे शारीरिक और मनो-सामाजिक जोखिमों को रोकना।
- व्यक्तिगत जटिल परिस्थितियों का सामना करने वाले कर्मचारियों की देखभाल और सहायता।
- जागरुकता बढ़ाना और प्रशिक्षण पहल।

अपने बुनियादी मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, रोलेक्स स्वस्थ, सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य परिवेश तैयार करता है जो सभी कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इसे प्राप्त करने के लिए रोलेक्स ने कर्मचारियों की संतुष्टि में सहायता के लिए नीतियाँ, कार्यक्रम और संसाधन लागू किए हैं और निरंतर सुधार की प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है।

## उत्पीड़न का सामना

प्रकृति या साधन चाहे जो भी हो, किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को अस्थिर करने, अपमानित करने, अलग-थलग करने या बाहर करने का कोई भी रवैया उत्पीड़न में शामिल होता है। इस संबंध में, उत्पीड़न जानबूझकर शत्रुतापूर्ण व्यवहार का एक रूप है, चाहे संबंधित व्यक्तियों के बीच पदक्रम संबंध कुछ भी हो।
कंपनी किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करती है और उसने अपेक्षित व्यवहार पर स्पष्ट दिशानिर्देशों (प्रासंगिक आंतरिक नियमों में उपलब्ध) के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और इन स्थितियों को रोकने के उपाय किए हैं। उत्पीड़न के लिए अनुशासनात्मक प्रतिबंध और कई देशों में आपराधिक मुक़दमा चलाया जा सकता है।

## समावेशी और निष्पक्ष कार्य परिवेश को बढ़ावा

समावेशी और निष्पक्ष परिवेश, विशेष रूप से अवसर और व्यवहार की समानता के साथ-साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव से निपटने की प्रतिबद्धता पर आधारित है, चाहे वह लिंग, धर्म, जातीय मूल, उम्र, लैंगिक-रुझान या विकलांगता के किसी भी स्वरूप के आधार पर हो।
रोलेक्स मानता है कि अनुभव, दृष्टिकोण और प्रतिभा की विविधता कंपनी के लिए एक मूल्यवान परिसंपत्ति है। परिणामस्वरूप, कर्मचारियों को कंपनी से बिना किसी भेदभाव के उचित व्यवहार मिलता है। सभी कर्मचारी ऐसे माहौल से भी लाभान्वित होते हैं जिसमें हर कोई अपनी अंतर्निहित क्षमता को हासिल कर सकता है और कंपनी की सफलता में व्यक्तिगत और पेशेवर, दोनों तरह से पूरा योगदान दे सकता है।

### व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा

व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल और जानकारी देखने की नीति की आवश्यकता होती है जो यह सुनिश्चित करती है कि संबंधित लोगों को अपने व्यक्तिगत डेटा को देखने, संशोधित करने या हटाने का अधिकार है। केवल कथित उद्देश्यों के लिए आवश्यक व्यक्तिगत डेटा ही एकत्र, संसाधित और उपयोग किया जा सकता है।

समर्पित प्रक्रियाओं को लागू करके, रोलेक्स संबंधित सभी लोगों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करने, उसे प्रासंगिक क़ानूनी प्रावधानों के अनुसार एकत्र करने और संसाधित करने का कार्य करता है।

# व्यावसायिक नैतिकता

## सत्यनिष्ठा, ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करना

### व्यावसायिक गोपनीयता सुनिश्चित करना

कर्मचारी मौखिक या लिखित या किसी अन्य तरीके से प्रसारित किसी भी वैज्ञानिक, तकनीकी, वाणिज्यिक, वित्तीय या अन्य प्रकृति की मूर्त या अमूर्त जानकारी के लिए ज़िम्मेदार हैं।

रोलेक्स ने अपने व्यवसाय की गोपनीयता बनाए रखने के लिए तकनीकी और संगठनात्मक उपाय किए हैं। इसमें विशेष रूप से सोशल मीडिया पर आंतरिक व्यावसायिक सामग्री के प्रकाशन और साझाकरण पर प्रतिबंध भी शामिल हैं। कर्मचारी सोशल मीडिया और व्यक्तिगत वेबसाइटों पर ब्रांड के आचरण संबंधी नियमों का पालन करने के साथ-साथ कंपनी की प्रतिष्ठा की अखंडता सुनिश्चित करने का वचन देते हैं। यह सावधानी कंपनी के हितधारकों की जानकारी, व्यावसायिक रहस्य और अखंडता की रक्षा करती है।

## भ्रष्ट आचरण का अस्वीकरण

भ्रष्टाचार उन देशों में लागू आपराधिक कानूनों के तहत आम तौर पर स्वीकृत अपराध है जहां हम काम करते हैं। विशेष रूप से, स्विस आपराधिक संहिता स्विस या विदेशी सरकारी अधिकारियों के भ्रष्टाचार, निजी भ्रष्टाचार और लाभ प्रदान करने पर रोक लगाती है। इसमें किसी कर्मचारी को अपने कर्तव्यों के पालन में, उन कर्तव्यों के उल्लंघन में या अपने विवेक से कार्य करने या कार्य न करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लाभ या उपहार की पेशकश करना, वादा करना या देना शामिल है। सामान्यतया, इसे किसी लाभ के बदले में किसी कार्य को करने या न करने के लिए प्रभावित करने की इच्छा द्वारा परिभाषित किया जाता है।

इस संदर्भ में, रोलेक्स किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार पर रोक लगाता है। यह सुनिश्चित करना प्रत्येक व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है कि वे भ्रष्ट न हों या भ्रष्टाचारी न बनें। रोलेक्स अपने कर्मचारियों को इस जवाबदेह सिद्धांत को साझा करने और बचाव करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित करता है। रोलेक्स की भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति है। भ्रष्ट आचरण रोलेक्स की व्यावसायिक नैतिकता के विपरीत है, क्योंकि ऐसे प्रभाव के बदले में दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के लाभ से किसी व्यक्ति के निर्णय की निष्पक्षता से समझौता किया जा सकता है।

रोलेक्स की भ्रष्टाचार विरोधी नीति के अलावा, कंपनी के कर्मचारियों को उपहार या लाभ की माँग नहीं करनी चाहिए। इसके अलावा, उपहार दिए जाने की स्थिति में उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उपहार अनापेक्षित प्रथागत है जो लागू आंतरिक नियमों में कथित राशि से अधिक न हो।

## हितों के टकराव को रोकना

हितों के टकराव को व्यक्तिगत संबंध के अस्तित्व से परिभाषित किया जाता है जो किसी कर्मचारी को ऐसा विकल्प चुनने के लिए प्रेरित कर सकता है जो कंपनी के हितों के लिए हानिकारक हो। यह विशेष रूप से संभावित व्यावसायिक साझेदारों या कर्मचारियों का चयन करते समय घटित हो सकता है। कर्मचारियों और कंपनी के हितों की रक्षा के लिए, रोलेक्स हितों के टकराव के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देता है। कंपनी बाज़ार की

सत्यनिष्ठा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करती है। इसका मतलब यह है कि रोलेक्स कर्मचारियों द्वारा लिए गए निर्णय व्यक्तिगत हितों से प्रभावित नहीं होते हैं। इस प्रकार यह वस्तुनिष्ठ और पारदर्शी मानदंडों के अनुसार निर्णय लेने को बढ़ावा देता है।

## निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा

अनुचित प्रथाओं में प्रमुख पद का दुरुपयोग, मूल्य निर्धारण, बाज़ार आवंटन, उत्पादन या बिक्री कोटा जैसी प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के साथ मिलीभगत और प्रतिस्पर्धा को प्रतिबंधित करने वाली कंपनियों के बीच मिलीभगत के अन्य रूप, साथ ही ऐसे लेन-देन शामिल हैं जो बाज़ार की अत्यधिक एकाग्रता, भ्रामकता, विज्ञापन, अल्पमूल्य विक्रय, सरकारी सब्सिडी और बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन को जन्म देते हैं।
जिस तरह रोलेक्स अपने व्यावसायिक आचरण में हितों के टकराव को रोकने का प्रयास करता है, उसी तरह कंपनी लागू क़ानूनों के अनुपालन में निष्पक्ष, स्वतंत्र और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए अपने साथियों और भागीदारों के साथ स्वस्थ संबंध और विश्वास बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करती है।

## हवाला या आतंकवाद के वित्तपोषण का सामना

हवाला को ऐसे किसी भी लेन-देन के रूप में परिभाषित किया गया है जो आपराधिक/अवैध तरीक़े से अर्जित धन के उद्गम को क़ानूनी गतिविधियों में पुनर्निवेश करके छुपाता है। आतंकवाद के वित्तपोषण के ख़िलाफ़ लड़ाई का उद्देश्य ज़िम्मेदार लोगों को अपनी गतिविधियों को चलाने के लिए आवश्यक धन से वंचित करना है।
रोलेक्स प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के अनुसार हवाला और आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े जोखिमों को रोकने और पहचानने के लिए संगठनात्मक उपायों को लागू करता है। कंपनी को उम्मीद है कि उसके कर्मचारी इस संबंध में विशेष रूप से सतर्क रहेंगे।

### मानव अधिकारों का समर्थन

मानव अधिकारों की पहुँच कई क्षेत्रों तक फैली है जिनमें जबरन श्रम, मानव तस्करी, दुर्व्यवहार, समानता, सभी प्रकार के भेदभाव और उत्पीड़न, सभा के आयोजन और संघ बनाने की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन, और सभ्य कामकाजी परिस्थितियों का अधिकार (विशेषकर स्वास्थ्य और सुरक्षा के संबंध में) शामिल हैं।

अपनी गतिविधियों की प्रकृति के कारण और अपनी जवाबदेह क्रय नीति के अनुरूप, रोलेक्स यह सुनिश्चित करता है कि उसकी गतिविधियाँ मानव अधिकारों के अनुपालन में संचालित की जाती हैं। इस संदर्भ में, कर्मचारी पूरी आपूर्ति शृंखला में सतर्कता बरतने का दायित्व लेते हैं।

## पर्यावरण

प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्थायित्वता को
अपनी गतिविधियों के केंद्र में रखने की प्रतिबद्धता के साथ

उत्कृष्टता की खोज में, रोलेक्स हर दिन अपने पर्यावरणीय निष्पादन में सुधार करने का प्रयास करता है। इस संदर्भ में, पर्यावरण संरक्षण कंपनी के लिए केंद्रीय सरोकार का मामला है।

रोलेक्स अपने व्यवसाय को ज़िम्मेदारी से संचालित करके प्रकृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें उसके पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से निरंतर सुधार प्रक्रियाओं को लागू करना शामिल है।

रोलेक्स उम्मीद करता है कि हर कोई इस प्रतिबद्धता के महत्व से अवगत हो और अपने व्यवहार और व्यावसायिक निर्णयों के ज़रिए इसमें योगदान दे।

रोलेक्स ऐसे उत्पाद बनाता है जो लंबे समय तक चलने के लिए डिज़ाइन किए जाते हैं और जिन्हें आजीवन बनाए रखा जा सकता है। इसके अलावा, कंपनी अपनी ऊर्जा की खपत को नियंत्रित करने और अपनी गतिविधियों में प्रयुक्त प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करती है। रोलेक्स ने अपने कार्बन पदचिह्न, अपशिष्ट, वायु गुणवत्ता, रसायन, पानी, गतिशीलता और जैव विविधता की निगरानी के लिए विभिन्न निष्पादन संकेतक लागू किए हैं।

कंपनी अपने प्रदूषणकारी उत्सर्जन को यथासंभव कम करने के लिए भी कार्रवाई कर रही है। वह सुनिश्चित करती है कि ट्रेसेबिलिटी के संदर्भ में उच्चतम मानक लागू किए जाएँ। आपूर्ति से लेकर विनिर्माण और वितरण तक, सभी क्षेत्रों में रोलेक्स अपनी संपूर्ण मूल्य शृंखला में अपने कर्मचारियों के साथ काम करता है।

# आचार संहिता का कार्यान्वयन

## कर्मचारियों की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी

व्यक्तिगत स्तर पर, कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस संहिता में उल्लिखित सिद्धांतों में बाधा या उल्लंघन न हो और उनका पालन किया जाए।
प्रत्येक कर्मचारी को अपनी ज़िम्मेदारियों या कर्तव्यों की परवाह किए बिना, आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यवहार के बारे में अपने लाइन मैनेजर, अपने मानव संसाधन को या rolex.com के ऑनलाइन अलर्ट सिस्टम के माध्यम से रिपोर्ट करना होगा।

## आचार संहिता का अनुपालन न करना

आचार संहिता का अनुपालन न करने की स्थिति में, रोलेक्स अपने आंतरिक नियमों के अनुसार और लागू क़ानूनों के अनुपालन में, उचित कार्रवाई करता है और उल्लंघन की गंभीरता के अनुरूप प्रतिबंध लगाता है।

| संस्करण | तारीख | परिवर्तन |
|---|---|---|
| 1 | मार्च 2024 | प्रारंभिक आचार संहिता |
| 2 | अप्रैल 2024 | "कर्मचारियों की व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी" अनुभाग में रोलेक्स अलर्ट सिस्टम का संदर्भ। |

© Rolex SA, 3-5-7, rue François-Dussaud, 1211 Geneva 26, Switzerland
GE – 03.2024